फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

सरकार बनाम सीताराम व अन्य

केस संख्या 188/2010 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
04.03.2021	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर से विभागीय पैरोकार उपस्थित है। विभागीय पैरोकार को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने सहायक कलक्टर सांभरलेक के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 21/2010 ब उनवानी सीताराम बनाम सरकार जरिये तहसीलदार सांगानेर को जयपुर स्थित सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरित किये जाने का अनुरोध किया है। सहायक कलक्टर सांभर लेक से प्राप्त निर्णय दिनांक 16.08.2010 की फोटो प्रति के अनुसार उक्त प्रकरण दिनांक 16.08.2010 को निर्णित हो चुका है। इसलिए सरकार जरिये तहसीलदार सांगानेर द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। 4/3/21 (अन्तर सिंह नेहरा) जिला कलक्टर जयपुर	

Scanned by CamScanner